रजिस्ट्रेशन S 37987/2000 नई दिल्ली

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी)

कार्यालय-ए-2/20, कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 फोन 09711111507, 08383051835
E-mail yashpal_panchal @yahoo.co.in, yashpalpanchal1953@gmail.com, abvvsangh2000@gmail.com

यशपाल पांचाल	गणपतभाई ए पांचाल	वेदपाल पांचाल	मधुसूदन विश्वकर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
9711111507	9376183160	9311501100	9718796300

पत्रांक संख्या ABVVS/20/2024 दिनाकं 21/09/2024

आदरणीय नरेंद्र मोदी जी
प्रधान मंत्री, भारत सरकार
नई दिल्ली।

विषय :- **17 सितंबर 2024 को भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस पर विश्वकर्मा भगवान का अपमान करने वाले भाजपा कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्यवाही की मांग।**

महोदय,

सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी में आया है कि 17 सितंबर 2024 को पटना में विश्वकर्मा पूजा वाले दिन भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के फ़ोटो के साथ छेड़छाड़ की गई है। विश्वकर्मा जी की फ़ोटो की जगह आपकी फ़ोटो लगाई गई है । विश्वकर्मा जी की फ़ोटो की जगह आपकी फ़ोटो लगाना विश्वकर्मा जी का अपमान है । 2021 में भी मधुवनी लोकसभा स्थित बिस्फी विधानसभा से बीजेपी विधायक श्री हरिभूषण ठाकुर द्वारा 17 सितंबर 2021 को भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर आपका मुखौटा लगाकर निंदनीय व अपराधिक कार्य किया गया था। उस समय भी आपको पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई थी और निवेदन किया गया था कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो । यह घोर निंदनीय ही नहीं बल्कि दंडनीय है। यह कृत्य विश्वकर्मा समाज को अपमानित करने वाला है। सम्पूर्ण विश्वकर्मा समाज में इस घटना के कारण भारी आक्रोश है। देवताओं के चित्र के ऊपर किसी व्यक्ति का फोटो लगाना देवता का अपमान है । भगवान विश्वकर्मा का अपमान हिंदू समाज के सभी आस्थावान लोगों का अपमान है जो बिल्कुल भी सहन करने योग्य नहीं हैं ।

विश्वकर्मा समाज की मांग है व आपसे अनुरोध है कि ऐसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले एवं भगवान विश्वकर्मा का अपमान करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए । समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए ऐसा कुकृत्य करने वाला सार्वजनिक मांफी मांगे ।

सधन्यवाद।

यशपाल पांचाल
(यशपाल पांचाल)
राष्ट्रीय अध्यक्ष
09711111507

प्रतिलिपि

1. श्री जे पी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष
2. श्री नितीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार